# कोटा में पानी का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन हो : संदीप शर्मा



कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा की नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया है।

■ विधायक संदीप शर्मा ने सरकार को चेताया

**कोटा,** (निसं)। कोटा में पानी की समस्या को लेकर विधायक सोमवार को विधायक संदीप शर्मा व स्थानीय जनप्रतिनिधीयों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जलदाय विभाग के अति. मुख्य अभियंता कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने में सभी जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित किया।

धरने में उपस्थित लोगों को संबोधित करतें हुए विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन द्वारा कोटा में निबार्ध रूप से पानी के वितरण और टूटी-फूटी पाईप लाईनों को बदलनें की मांग को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया परन्तु विभाग पानी की समस्या का समधान नही हो पा रहा है। लोग चम्बल किनारे होने के बाद भी पानी के लिये तरस रहे है।

विधानसभा व कॉग्रेस सरकार में बैठे मंत्रीयों को भी व्यक्तिगत रूप से अवगत करवाया परन्तु आज तक टूटी-फूटी पाईप लाईनों को बदलने व बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगो को चम्बल का फ्लोराईड मुक्त पानी पिलाने में असमर्थ हो रही है। कोटा प्रदेश का बडा शहर होने के साथ साथ सम्पूर्ण भारत में शिक्षा का बड़ा केन्द्र है परन्तु कोटा में समुचित पानी की व्यवस्था नही होने के कारण यहां के लोगो के पानी व मूलभूत: सुविधाओं से भी वंचित रखा जा रहा है। कॉग्रेस सरकार के मंत्रीयों द्वारा केन्द्र सरकार के द्वारा प्रदत्त बजट को अन्य मदों में खर्च कर लोगो को मूलभूत: सुविधाओं से वंचित रख कोटा की जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

कोटा में पेयजल की व्यवस्था पूर्ण रूप ठप हो गई है। आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा सम्पूर्ण कोटा शहर को खोद दिया गया है तथा इसके कार्य से कई सड़कें टूट गयी है और पेयजल की पाईप लाईनें क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण भी लोगों को पेयजल की सुविधायें ठीक प्रकार से नही हो पा रही है। विधायक ने कहा कि काग्रेस सरकार प्रदेश में विकास के नाम पर भोली-भाली जनता को गुमराह किया जा रहा है। सम्पूर्ण कोटा शहर गली मोहल्लों की सड़कें जर्जर हो रही है और सड़कों पर बड़े बड़ें गढडें हो गये है जिसें रोजना लोगों चोटिल हो रहे है।

शहर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था नही है लोगों को निर्बाध रूप सें बिजली नही मिल पा रही है लोगों के अन्या मूलभूत: सुविधाओं के अभाव में परेशानी का सामना करना पड रहा है। विधायक ने सरकार को चेताया कि यदि सरकार कोटा की जनता की परेशानीयों की सुध नही ली तो सडक पर उग्र जन आंदोलन होगा। धरने के संयोजक विवेक राजवंशी ने संबोधित करतें हुए कहा कि कोटा शहर में विकास के नाम पर घोर भ्रष्ट्राचार किया जा रहा है। सम्पूर्ण कोटा में पानी की सुचारू व्यवस्था नही हो पा रही है लोग चम्बल के किनारे होने के बाद भी तरस रहें है परनतु विभाग द्वारा इस संबध में कोई सार्थक प्रयास नही किये गये।

कोटा दक्षिण के सभी वार्डो में समूचित सफाई के लिये पर्याप्त सफाई कर्मी व साधन उपलब्ध नही है नाहि सरकार के द्वारा नगर निगम कोटा दक्षिण को विकास कार्य व मूलभूत: सुविधाओं के लिये पर्याप्त बजट नही दिया जा रहा जिससें लोग परेशान हो रहे है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पाटी के जिला महामंत्री जगदीश जिन्दल ने संबोधित करते कांग्रेस सरकार द्वारा कोटा में लोगों को मूलभूत: सुविधायें देने के लिये कोई कार्य योजना नही बना रही है नाहि कॉग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस संबध में कोई सार्थक प्रयास किये जा रहें है। कोटा शहर की जनता कॉग्रेस सरकार के शासन से दुखी हो गई है तथा इनके कुप्रबंधन व कुशासन से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कोटा में यदि पेयजल की समस्या का समाधान नही हुआ तों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जलदाय विभाग के अधिकारीयों के खिलाफ मोर्चा खोल कर जन आंदोलन किया जायेगा।

इस अवसर पर भाजपा पार्षद रामगोपाल मंडा, रामबाबू सोनी, विवेक मित्तल योगेश वालिया, भानुप्रताप गौड, सुनिल गौतम, धनराज चेची, सोनू धााकड़, दिलीप नायक, सुरेंद्र कलवार, रिता सलुजा, संजीव विजय, विजयलक्ष्मी प्रजापति ,सोनू भील, रामदेव वर्मा, रेखा यादव, युवा नेता हरीश राठौड़, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुरेश सुवालका, राजेन्द्र शर्मा, महेश गौतम, रिया शर्मा, महेश गौतम लल्ली लहरी शंकर गौतम गिरीश गुप्ता गिरीश बोहरा महेंद्र दुबे सेलू मेहरा विष्णु मराठा मुकेश शर्मा उमंग चतुर्वेदी, गिर्राज शर्मा नागर, नवनीत नागर, अनिल गोयल, दीनू बंजारा, पथिक अरोड़ा, शमशेर परमानी, छुट्टनलाल शर्मा, अशोक लड्ढा, डब्बू शर्मा, जितेंद्र सोनी, रमेश जेठमलानी, दुर्गेश शर्मा, राजेश नामा, आशीष गौतम, सुनिल प्रजापति, योगेश गुप्ता, उमंग चतुर्वेदी, लोकेश गुप्ता, जितेन्द्र कश्यप, नवीन खत्री, योगेश सिंगम, दीपक सेन, राजेश गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लहसुन खरीद की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का हल्ला बोल

**कोटा,** (निसं)। भारतीय किसान संघ की अगुवाई में संभाग भर के किसान सोमवार को कमिश्नर कार्यालय पर जुटे। किसानों ने लहसुन की बाजार हस्तक्षेप योजना में खरीद की मांग को लेकर सीएडी स्थित कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

नारेबाजी करते हुए किसानों ने हल्ला बोला। प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि कोटा के अलावा बूंदी, बारां और झालावाड़ के किसान टीलेश्वर चौराहा स्थित मानव विकास भवन में एकत्र हुए। जहां से रैली के रूप में हाथों में तख्तियां लेकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। यहां अपनी मांगों पर अडे किसान सड़क पर बैठ गए। जिससे कुछ देर के लिए दोनों ओर का रास्ता जाम हो गया। सूचना मिलने पर संभागीय आयुक्त दीपक नंदी कार्यालय पहुंचे। जहां किसानों को समझाइश कर सडक से हटाया गया। तकरीबन तीन घंटे तक महिला और पुरुष किसान चिलचिलाती धूप में सडक पर ही बैठे रहे। जिससे कुछ महिला किसानों की तबियत भी बिगड गई। जिसे किसान प्रदर्शन स्थल से घर ले गए। इस दौरान किसानों ने सडक पर लहसुन बिखेरकर सरकार का विरोध किया।संभागीय आयुक्त से किसानों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने वार्ता की। प्रतिनिधिमण्डल में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश गेंडोलिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रघुनाथ सिंह, प्रदेश मंत्री जगदीश कलमंडा, प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, प्रदेश महिला प्रमुख राम मूर्ति, संभाग अध्यक्ष विक्रम सिंह सिरोहिया, महिला प्रमुख रमा शर्मा, कोटा जिलाध्यक्ष गिरिराज चौधरी, बारां अध्यक्ष अमृत छजावा, झालावाड अध्यक्ष धनसिंह गुजर, बूंदी जिला मंत्री संतोष दुबे शामिल थे।

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला बून्दी ( राज. )

क्रमांक: 3738-3740 दिनांक:-20.06.2022

### आपत्ति सूचना पत्र

सर्वसाधारण एवं हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत पालिका में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा अनुमोदित कोलोनी में स्थित कृषि भूमि के पट्टा नियमन के अंतर्गत स्वयं के मकानों भूखंडों के पट्टा बनाने हेतु पत्रावलीयां पालिका में प्रस्तुत की गई है। उक्त पत्रावलीयों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति | आवेदक का पता | ख.सं. | साईज (वर्गफुट) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेमराज मीणा/मांगीलाल | भगत सिंह कालोनी के. पाटन | 637,638,639 | 20X52 sq/ft |
| 2. | रामदेव मीणा/मांगीलाल | भगत सिंह कालोनी के. पाटन | 637,638,639 | 1000 sq/ft |
| 3. | फातमा/साहिद हुसैन | फातिमा कालोनी के. पाटन | 1549,1551,1573 1574, 1579, 1547, 1548,1550, 1572, 1577, 1578, 1552 | 20X40 sq/ft |
| 4. | पंकज शर्मा/ओंकार लाल | विनायक नगर के. पाटन | 654,655, 716 | 25X50 sq/ft |
| 5. | रामावतार/बाबूलाल | विनायक नगर के. पाटन | 654,655, 716 | 25X50 sq/ft |
| 6. | मधुसूदन/प्रभुलाल पंचोली | केशव विहार के. पाटन | 426 | 30X60 sq/ft |
| 7. | राधेश्याम/खाना | प्रताप कालोनी कोटा रोड के. पाटन | 509/786,509/785 | 30X40 sq/ft |
| 8. | मीना कुमारी सेन/ श्याम बिहारी | प्रताप कालोनी कोटा रोड के. पाटन | 509/786,509/785 | 1000 sq/ft |
| 9. | अ. सत्तार/पीर मो. | गरीब नवाज कालोनी के. पाटन | 1591 | 21X35 sq/ft |
| 10. | अ. सत्तार/पीर मो. | गरीब नवाज कालोनी के. पाटन | 1591 | 20X54 sq/ft |
| 11. | दरबार/मोहनलाल | न्यू दुर्गा कालोनी के. पाटन | 1872 | 25X50 sq/ft |
| 12. | सुनीता/सुरेन्द्र मालव | विनायक नगर के. पाटन | 654,655 | 25X50 sq/ft |
| 13. | चन्द्रकला/मांगीलाल | विनायक नगर के. पाटन | 654,655 | 25X50 sq/ft |
| 14. | दिलबाग/गुरुनाम सिंह | विनायक नगर के. पाटन | 654,655 | 25X50 sq/ft |
| 15. | जुलेखा/मुर्जिबुर्रहमान | प्रताप कालोनी कोटा रोड के. पाटन | 501,502,503,504, 505 | 1200 sq/ft |
| 16. | मोड्डूलाल/राम निवास | विनायक नगर के. पाटन | 654,655 | 25X50 sq/ft |
| 17. | गोविन्द कुमार/छोटूलाल | रश्मि विहार के. पाटन | 640, 640/1 | 1160 sq/ft |
| 18. | मीनू जादौन/भंवर सिंह | मन्डी कमेटी के सामने | 663/2 | 1620 sq/ft |
| 19. | हेमराज सेन/हीरालाल | मन्डी कमेटी के सामने | 663/2 | 30X40 sq/ft |
| 20. | रुकमणी मालव/हरिकिशन | विनायक नगर के. पाटन | 654,655,716 | 25X50 sq/ft |
| 21. | हेमराज मालव/ हीरालाल मालव | चामुन्डा कालोनी के. पाटन | 13,14 | 15X30 sq/ft |

उक्त प्लाटों/मकानों के पट्टे बनाने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य सबूत के अन्दर अवधि 7 योम में इस पालिका में प्रस्तुत कर देवें अन्यथा बाद गुजरने अवधि ऊपर उल्लेखित आवेदकों के नाम का पट्टे जारी कर दिये जायेंगे। सूचित हो।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका के. पाटन**

# 'सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए प्रयास होंगे'

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक बैन निषेध पर आमजन को जोड़ने के लिए विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां की जाएगी। जिसके माध्यम से प्लास्टिक-पॉलीथिन के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सके।

महापौर मंजू मेहरा ने बताया कि शहर में ऐसे लोग भी हैं जो प्लास्टिक पॉलीथिन डिस्पोजल का उपयोग कर विभिन्न सजावटी आइटम बनाते हैं। शहरवासियों की विभिन्न स्तरों पर सहभागिता आवश्यक है। आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक सभी संगठनों का इन जागरूकता गतिविधियों में सहयोग लिया जायेगा। उन्होनें बताया कि 01 जुलाई से प्लास्टिक बैन को लेकर नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा चित्रकला व स्लोगन बनाने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जिसके तहत सभी उम्र के लोगों द्वारा प्लास्टिक-पॉलीथिन इस्तेमाल से होने वाली हानियों को दर्शाती चित्रकारी स्वयं बनाकर लाई जाएगी तथा उसका प्रदर्शन किया जायेगा। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

चित्रकारी में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम के 'सी' ब्लॉक में स्थित कमरा नं. 310 में उपस्थित होकर अथवा एन.यू.एल.एम. की प्रबंधक डॉ. हेमलता गांधी के वॉट्सअप मोबाईल नं. 9413240629 पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं या आवेदन फार्म भी भरकर जमा करवा सकते है। चित्रकला प्रदर्शन एक जुलाई को दोपहर 3.00 बजे नगर निगम प्रशासनिक भवन के रिसेप्शन हॉल में होगा।

प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। अतिरिक्त आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि सिंगल प्लॉस्टिक पॉलीथिन क्या है, प्रतिबंधित उत्पाद क्यों खराब है, सिंगल यूज प्लास्टिक का कुप्रभाव, पॉलीथिन प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक रूप में किसका उपयोग, प्लास्टिक रिसाइक्लिंग, पॉलीथिन प्रतिबंध पर जन समुदाय की भागीदारी, प्लास्टिक प्रतिबंध पर रोचक तथ्य, सुविचार, प्लास्टिक का रियूज, प्रोडक्ट, सजावटी आइटम, पॉलीथिन व जीव-जन्तु, जलाशय, कचरे से पर्यावरण की हानि इत्यादि पर चित्रकारी तथा रचनात्मक सुझाव आमत्रिंत किए जा रहे है।

# कर्नाटक 12वीं बोर्ड परीक्षा 2022 में रेजोनेंस बेस के विद्यार्थियों का टॉप 1 से 10 तक सभी स्थानों पर कब्जा

**कोटा,** (निसं)। कर्नाटक प्री-यूनिवर्सिटी एग्जामिनेशन बोर्ड ने शनिवार, 18 जून को कर्नाटक बोर्ड कक्षा 12 परीक्षा परिणाम 2022 घोषित किया है जिसके अनुसार रेजोनेंस एवं दक्षिण भारत में इससे सम्बद्ध संस्थान बेस के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया है।

बेस के विद्यार्थियों ने एक इतिहास रचते हुए प्रथम 10 स्थानों पर कब्जा जमाया है अर्थात पहली रैंक से लेकर के दसवीं रैंक तक सभी स्थानों पर बेस के विद्यार्थी ही काबिज हैं ।संस्थान की छात्रा सिमरन शेषा राव ने 600 में से 598 अंक प्राप्त कर 99.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया । साईं चिराग बी ने 600 में से 597 अंक प्राप्त कर 99.5: अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया वही मेधा पुरानिक ने 596 अंक प्राप्त कर 99.33 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया । इन तीनों ही विद्यार्थियों ने फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, कंप्यूटर साइंस व संस्कृत पांचों विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

किसी एक संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा बड़ी संख्या में सभी विषयों में पूर्ण में से पूर्ण अंक प्राप्त करना एक ऐसा कीर्तिमान है जिसे तोड़ना अत्यधिक कठिन होगा। सबसे मुख्य बात यह है कि प्रथम 10 रैंक में अपने विद्यार्थियों को काबिज करवा कर रेजोनेंस – बेस संस्थान ने अपनी उन्नत शिक्षा प्रणाली एवं श्रेष्ठ प्रशिक्षण पद्धति का लोहा समूचे भारत में मनवाया है।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम सपना इन्द्रकुमार हसैजा से बदलकर नया नाम सपना कुकरेजा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता:- सपना कुकरेजा पत्नि अंकूर कुकरेजा, मकान नम्बर C-634 इन्द्रा विहार, कोटा**

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम डिम्पी इन्द्राकुमार हसेजा से बदलकर नया नाम डिम्पी कुकरेजा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता:- डिम्पी कुकरेजा पत्नि आशीष कुकरेजा, मकान नम्बर C-634 इन्द्रा विहार, कोटा**

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम दिपिका सुखीया से बदलकर शादी पश्चात नया नाम रिषिका कटारिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता:- रिषिका कटारिया पत्नि लकी, मकान नम्बर 136 सिंधि कॉलोनी, गुमानपुरा, कोटा**

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम सखावत हुसैन से बदलकर नया नाम सखावत अली रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता:- सखावत अली पुत्र जलील अहमद, रामदेव मंदिर के पास रेगर मोहल्ला, घंटाघर, कोटा**

### नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद मुस्तकीम मैंने अपनी पुत्री आलिया अंसारी से बदलकर नया नाम आलिया नाज़ रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता:- आलिया नाज़ पुत्री मोहम्मद मुस्तकीम ईदगाह रोड, किशोरपुरा, कोटा**

# लायंस क्लब कोटा साउथ ने राष्ट्रीय खिलाड़ी का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब कोटा साउथ के अध्यक्ष लायन डॉ. जगदीश शर्मा ने बताया कि लायन सेवा सदन में क्लब की साधारण सभा का प्रारंभ ध्वज वंदना के साथ हुआ, विश्व शांति हेतु एक मिनट का मोन रखा गया। लायन डाव शर्मा ने उपस्थित सभी लायंस एवं लायन लेडीज कहारदिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

क्लब सचिव लायन अशोक जैन द्वारा सत्रांत तक की गई सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सेवाओं में आधार कार्ड शिविर का आयोजन, कोविड टीकाकरण करवाना, मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशंस, बाल मेले का आयोजन, राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन। क्लब कोषाध्यक्ष लायन विजेंद्र व्यासने कहा की क्लब द्वारा 355 दिनों में386 सेवा कार्य संपादित करना एक दुष्कर कार्य है। इसके लिए आपने क्लब मेंबरस को तन-मन-धन से सेवा कार्य संपादित करने पर धन्यवाद दिया, क्लब अध्यक्ष डाव जगदीश शर्मा ने कहा कि अधिकतम सेवा कार्यो को तन मन एवं धन से संपादित करने पर लायन आरपी मित्तल को सम्मानित किया गया,लायन लेडी ऑफ द ईयर कृष्णा मित्तल अवार्ड लायन लेडी मनोरमा बावेजा को दिया गया।

चार्टर्ड मेंबर लायन लोकमणि के पिता सी व एल व गुप्ता की स्मृति में लायन ऑफ द ईयर लायन डाव संजय मलिक को घोषित कर पुरुष्कृत किया गया। इसी अवसर पर प्लेयर ऑफ द ईयर पुरुस्कार जो की डॉ. शीला चौधरी स्मृति अवार्ड है, राष्ट्रीय खिलाड़ी (कुश्ती) नैना सिंह 23 वर्षीय, को दिया गया। आप राजस्थान राज्य की स्वर्ण पदक विजेता है।

# कोटा से रविन्द्र त्यागी धरने में शामिल हुए

**कोटा,** (निसं)। एआईसीसी द्वारा अग्निपथ मामले को लेकर अग्निवीरो, सैनिकों के पक्ष में मोदी सरकार के खिलाफ नई दिल्ली जंतर-मंतर पर कांग्रेस नेताओं ने अग्निपथ बिल वापस लिए जाने की मांग को लेकर धरना देकर विरोध प्रर्दशन किया कोटा से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने विशेष रूप से भाग लिया।

शहर कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि कोटा शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने अपनी उपस्थिति देकर मोदी सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।दिल्ली धरने में मुख्यरूप से संगठन एआसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, रास्ट्रय महासचिव अजय माकन, राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी, आदि राष्ट्रीय नेता प्रमुख रूप से धरने में शामिल थे।

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ-11/विक्रय/2022/28 विज्ञप्ति दिनांक:-20.6.22

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा दुकान/आवास/भूखण्ड संख्या 583 योजना बसन्त विहार केशवपुरा-9 का आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र क्रमांक 118 दिनांक 29.03.1985 द्वारा श्री मांगीलाल मालव पुत्र श्री श्रीलाल मालव को आवंटित किया गया था। आवंटी की मृत्यू दिनांक 24.07.2014 को हो गई है मृत्यू के उपरांत आवंटी के पुत्र श्री ओमप्रकाश मालव पुत्र श्री मांगी लाल मालव द्वारा शपथ-पत्र, हक त्याग पत्र, आईडी एवं मृत्यू प्रमाण पत्र के साथ उक्त दुकान/आवास/भूखण्ड के नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त दुकान/आवास/भूखण्ड का हस्तानांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त के स्वामित्व हस्तानांतरण की स्वीकृति श्री ओमप्रकाश मालव पुत्र श्री मांगी लाल मालव के नाम जारी कर दी जावेगी।

**उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा**

## कार्यालय वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक रीको लिमिटेड
### मामा भान्जा तृतीय चरण झालावाड़
### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र मामा भान्जा प्रथम व द्वितीय चरण, झालावाड़ जिला झालावाड़ में आवंटित व्यावसायिक भूखंड संख्या एफ-13 का आवंटन क्रमांक 685 दिनांक 23.12.1981 को किया गया था, एवं लीज डीड का निष्पादन दिनांक 21.01.1982 एवं रजिस्टर्ड दिनांक 17.03.1982, रिवाईज लीज डीड का निष्पादन दिनांक 20.02.1989 एवं रजिस्टर्ड दिनांक 16.03.1989 को किया गया था। उक्त भूखंड के आवंटी श्रीमती गुरुदयाल पत्नी श्री त्रिलोचन सिंह की मृत्यु दिनांक 11.04.2022 को हो जाने के कारण उनके वारिसान द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पंजीकृक हकत्याग दिनांक 06.05.2022 का प्रस्तुत कर मूल आवंटी के सगे पुत्र श्री जगजीत सिंह बग्गा पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा मैसर्स मालिक स्टोन इण्डस्ट्रीज के पक्ष में करने हेतु दिनांक 14.05.2022 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। मूल आवंटी के माता पिता की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। मूल आवंटी के वारिसान 1. पति श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा पुत्र श्री इन्दर सिंह बग्गा, 2. पुत्री श्रीमती हरदीप कौर पुत्री श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा, 3. पुत्र श्री रणजीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा एवं 4. पुत्र श्री जगजीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा है। भूखंड की वसीयत नहीं करवाई गई है।

इस संबंध में सर्वसाधारण से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति यदि मूल आवंटी के सगे पुत्र श्री जगजीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा के पक्ष में उक्त उल्लेखित दस्तावेजों के आधार पर हस्तान्तरित करने में किसी अन्य वारिसान/व्यक्ति/वित्तीय संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इसकी सूचना इस विज्ञप्ति के जारी होने की तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर दें। अगर 30 दिवस के भीतर कोई आपत्ति या सूचना प्राप्त नहीं होती है तो प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखंड के लीज होल्ड राईट्स मूल आवंटी के सगे पुत्र श्री जगजीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा के पक्ष में करने की कार्यवाही की जायेगी।

**इकाई प्रभारी, रीको लि. झालावाड़**

# गोपाल शर्मा अध्यक्ष व संजय शर्मा महामंत्री बने

**कोटा,** (निसं)। अखिल ब्राह्मण महासभा की साधारण सभा की बैठक सोमवार को विज्ञान नगर स्थित समाज भवन में आयोजित की गई। संस्था के संरक्षक एम.एम.शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। बैठक में सर्वसम्मति से गोपाल शर्मा को अध्यक्ष और सम्भागीय अध्यक्ष के रूप में श्री रामस्वरूप शर्मा को चुना गया। नवीन कार्यकारणी की घोषणा करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने महामंत्री के रुप में संजय शर्मा और महिला-अध्यक्षा के रुप में एडवोकेट कल्पना शर्मा को मनोनीत किया तथा शेष कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष गोपल शर्मा ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि अखिल ब्राह्मण महासभा ब्राह्मणों के हितो को हमेशा आगे लेकर आई है और महासभा के निर्देशो के अनुसार यह कार्यकारिणी कार्य करती रहेगी।

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सुमेरगंजमण्डी जिला बून्दी

क्रमांक:-119-128 (Email:kums.sumega@rajasthan.gov.in) दिनांक:-20.06.2022

### आवंटन-सूचना

इस मंडी समिति के मुख्य मंडी प्रांगण सुमेरगंजमण्डी रिक्त भूखंडों/सामान्य दुकानों (जैसी भी स्थिति में है) को अचल सम्पत्ति आवंटन नीति 2005 एवं इसके संशोधित प्रावधानों के अन्तर्गत 99 वर्षीय लीज पद्धति पर लॉटरी से आवंटन करने हेतु अधिसूचित कृषि जिन्सों का व्यवसाय करने हेतु इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आवंटन हेतु रिक्त भूखंडों/सामान्य दुकानों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | रिक्त भूखंड/ सामान्य दुकान | रिक्त सं. | मुख्य मंडी/ | उपलब्ध भूखंडों/सामान्य दुकानों का विवरण | | | आरक्षण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | भूखंड/ सामान्य दुकान संख्या | साईज (वर्गफुट में) | आरक्षित दर प्रति एक भूखंड/ सामान्य दुकान | सामान्य महिला कृषक | एस.टी./ एस.सी. महिला कृषक | महिला कृषक विधवा/ परित्याकता | कृषि प्रसंस्करण यूनिट | वन उपज/ औषधियां पादप/जड़ी बूटियों के व्यवसाईयों | जैविक खेती कृषि के उत्पादक कृषक | एफ.पी.ओ. |
| 1 | दुकान मय गोदाम मय | 09 | मुख्य मण्डी सु.मण्डी | - | 20'x60' | अचल सम्पत्ति आवंटन नीति 2005 एवं संशोधित प्रावधानों | 1 | 1 | - | 1 | - | - | - |
| 2 | बड़े गोदाम | 02 | मुख्य मण्डी सु.मण्डी | - | 25'x45' | के तहत आवंटन बैठक तिथि को डी.एल.सी. दर का | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | फुटकर दुकान | 05 | मुख्य मण्डी सु. मण्डी | - | 15'x12' | 50 प्रतिशत से भूमि की लागत एवं निर्मित संरचनाओं की निर्धारित | 1 | - | - | - | - | - | - |
| 4 | भूखण्ड | 20 | मुख्य मण्डी सु.मण्डी | - | 10'x15' | निर्माण लागत | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 |

अत: इच्छुक आवेदक 200 रु. नगद जमा करवाकर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से आवंटन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवंटन दर एवं प्रक्रिया आवंटन नीति-2005 एवं उसके संशोधित प्रावधानों के अनुरुप होगी। मण्डी समिति के ऐसे अनुज्ञापत्रधारी जो 31.03.2010 से पूर्व के अनुज्ञापत्रधारी है तथा वर्तमान तक निरंतर कार्यरत हो, को सर्वप्रथम आवंटित किया जावेगा, आवेदन पत्र आवश्यक पूर्ति कर वांछित दस्तावेज धरोहर राशि रु. 10000/-के साथ दिनांक 22.07.2022 को सायं 4 बजे तक कार्यालय में जमा करा सकते है। धरोहर राशि का डी.डी./बैंकर्स चैक सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सुमेरगंजमण्डी के नाम से देय होगा। नियत समय के पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। भूखंडों की कमी संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। आवंटन संबंधित अन्य जानकारी/शर्त किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

**प्रशासक**
**कृषि उपज मण्डी समिति सु.मण्डी**

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति सु.मण्डी**

# लूट और नकबजनी के मामलों में 29 साल से फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार



रामगंजमण्डी पुलिस ने लूट और नकबजनी के दो अलग-अलग मामलों में 29 साल से फरार 5 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**रामगंजमण्डी** (निसं)। रामगंजमण्डी पुलिस ने लूट और नकबजनी के दो अलग अलग मामलों में 29 साल से फरार 5 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामगंजमण्डी में वर्ष 1993 में हुई नकबजनी एवं 1995 में लूट की वारदात में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के ईनामी अपराधी कान्हा उर्फ मुन सिंह निवासी नेगड़िया थाना कल्याणपुरा जिला झाबुआ मध्यप्रदेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

**घटना विवरण:**-अपराधी वर्ष 1993 एवं 1995 में वारदात कारित कर फरार चल रहा था, उक्त दोनों घटनाओं का विवरण निम्नानुसार है।

**प्रथम घटना:**- फरियादी कन्हैयालाल गुप्ता पुत्र बिरधीलाल गुप्ता निवासी बाजार नम्बर 2 रामगंजमंडी ने थाना रामगंजमण्डी पर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरी रामगंजमण्डी में किराने की दुकान है 21 जुलाई1993 को रात्री में अज्ञात व्यक्तियों ने मेरी दुकान का ताला तोड़कर उसमें से सामान व नगदी चोरी कर दी,इत्यादि पर प्रकरण संख्या 82 / 93 धारा 457,380 ता.हि. में प्रकरण दर्ज किया गया था।

**द्वितीय घटना:**- दिनांक 7 मई 1995 को फरियादी भंवरलाल ने सरकारी हॉस्पिटल में पर्चा बयान कर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि हम लोग हाट में सामान बेच कर बैल गाडी से वापस बचा हुआ सामान लेकर घर। आ रहे थे, तभी रास्ते में 4-5 लोग चड्डी बनियान में सामने आये व बैलगाडी रोककर हमारे उपर पत्थर फेंके जिससे मेरे सिर में चोटें आयी। हमारे साथ मारपीट कर हमारा माल लूट कर खेतों की तरफ भाग गये इत्यादि पर थाना रामगंजमण्डी पर प्रकरण संख्या 88 / 95 धारा 394 ता.हि. में दर्ज कर अनुसंधान किया गया।

**अभियुक्त की गिरफ्तारी:**- पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, उक्त अभियान में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु प्रवीण नायक आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक एवं सौरभ तिवारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कोटा ग्रामीण के सुपरविजन में तथा संदीप शर्मा पु.नि. प्रभारी सायबर सैल, रामपाल उ.नि. प्रभारी जिला विशेष टीम के नेतृत्व में विशेष टीमों को गठन किया जाकर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। जघन्य एवं गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जिला सायबर टीम एवं जिला विशेष टीम को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। उक्त अपराधी भी जघन्य अपराध में फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु जिला पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये की ईनाम घोषणा की गई थी।

अभियुक्त कान्हा उर्फ मुन सिह उक्त दोनों घटनाओं के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई बार पुलिस टीमों द्वारा दबिश दी गई, परन्तु अभियुक्त शातिर एवं चालाक किस्म का होने से हर बार चकमा देकर सीमावर्ति राज्य गुजरात भाग जाता और हर बार पुलिस टीम को खाली हाथ लौटना पड़ता।

उक्त अपराधी की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा पुख्ता आसूचना के आधार पर मजबूत रणनीति तैयार कर ईनामी अपराधी कान्हा उर्फ मुन सिंह पुत्र रमजी जाति मामा भील को ग्राम नेगडिया जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त के डकैती, लूट एवं नकबजनी की वारदातें करने में अभ्यस्त है जिसके अन्य जिला में वांछित होने के सम्बन्ध में रिकॉर्ड प्राप्त किया जा रहा है।

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला का रामगंजमण्डी दौरा



लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने क्षेत्रीय विधायक दिलावर व रेल मंडल प्रबन्धक के साथ विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया।

**रामगंजमंडी** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने क्षेत्रीय विधायक मदन दिलावर व रेल मंडल प्रबन्धक के साथ रामगंजमंडी जंक्शन, मोडक, कमलपुरा, दरा, आलनियां व डकनिया तालाव स्टेशन पर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया।

कार्यक्रम पश्चिमी मध्य रेल मंडल की ओर से आयोजित किया गया था। रेल अधिकारियों ने स्पीकर बिरला का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। रामगंजमंडी जंक्शन पर यात्री सुविधाओं के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश मे सबसे ज्यादा सुरक्षित, सस्ती व सुविधायुक्त यात्रा रेल यात्रा है, देश मे रेल मंत्रालय यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान रख रहा है।

इसी क्रम में रामगंजमंडी व डकनिया स्टेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रामगंजमंडी क्षेत्र के लोगों ने हमेशा दिल से साथ दिया है और वह भी हमेशा रामगंजमंडी का विशेष ध्यान रखते हैं।

यहां की हर समस्याओं में मैं विशेष रुचि लेकर उसके निराकरण का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के छोटे बड़े सभी स्टेशनों पर आमजन की सुविधा का ध्यान रखते हुए छायां पानी, प्रतीक्षालय जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

रामगंजमंडी व डकनिया स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। मोडक में अंडर पास की योजना भी पास हो चुकी है इसका काम भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, रामगंजमंडी में एस्केलेटर प्रतीक्षालय में एयर कंडीशन लगाया जाएगा, ओवर ब्रिज को बाहर निकालने का काम शुरू किया जाएगा और भी जो कार्यकर्ता समस्या बताएंगे उन्हें हल करने का प्रयास करूंगा।

इससे पूर्व गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस से रामगंजमंडी स्टेशन पर उतरते ही लोकसभा अध्यक्ष का भाजपा नेताओं ने स्पीकर बिरला का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के रेलवे स्टेशन पर कोटा स्टोन एसोसिएशन के संरक्षक यतीश अग्रवाल अध्यक्ष नरेंद्र काला सचिव अखिलेश मेडतवाल पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह शक्तावत उपाध्यक्ष दिनेश डपकरा सह सचिव बाबू पोरवाल ने भी निमाणा रोड के 300 मीटर टुकडे को जल्द से जल्द ठीक करवाने और जल्द ही इसका निर्माण करवाने की मांग की।

# अवैध गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार



रामगंजमंडी पुलिस 4 किलो 780 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

**रामगंजमण्डी** (निसं)। रामगंजमण्डी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ 4 किलो 780 ग्राम गांजे सहित दो आरोपीयोन को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। कावेन्द्र सिंह सागर, पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि थाना रामगंजमंडी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 4 किलों 780 ग्राम गांजा के साथ दों आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

**घटनाकम व कार्यवाही का विवरण:**- जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के बढ़ते मामलों को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सीताराम प्रजापत के सुपरविजन मे एन. प्रवीण नायक आइपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त रामगंजमण्डी की निर्देशन मे मनोज कुमार बैरवाल के नेतृत्व मे अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस पर 19 जून 2022 को मन मनोज कुमार बैरवाल पुलिस निरिक्षक मय जाप्ता गशत करता हुआ उण्डवा तिराया, रामगंजमंडी पहुचे तो दो व्यक्ति मारूती नगर रोड की तरफ से जिनके हाथ में प्लास्टिक के कट्टे थे जो पुलिस जाप्ता को देखकर ईधर उधर भागने लगे जिस पर अवैध संदिग्ध पदार्थ का संदेह होने पर मन मनोज कुमार बैरवाल पुलिस निरिक्षक मय जाप्ता द्वारा पीछा

कर उक्त दोनों व्यक्तियों को डिटेन कर तलाशी ली गयी तो उक्त व्यक्तियों के पास कट्टे में अवैध गांजा मिला जिसका नाप तौल किया तो 4 किलों 780 ग्राम अवैध गांजा मिला। इस पर मौके पर ही आरोपीगण गोरधनसिंह पुत्र रुपसिंह जाति राजपूत (50) निवासी नावली थाना गांधीसागर जिला मन्दसौर एमपी हाल किरायेदार दिनेश धोबी का मकान मारुति नगर रामगंजमंडी थाना रामगंजमंडी जिला कोटा व महेश पुत्र माणकचन्द जाति माली (28) निवासी गली नम्बर 08 मारुति नगर रामगंजमंडी थाना रामगंजमंडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण से जिस स्थान व जिस व्यक्ति से अवैध मादक पदार्थ लेकर आने के संबंध में पूछताछ जारी है। प्रकरण हाजा में अनुसंधान विष्णु सिंह उप निरिक्षक थानाधिकारी थाना सुकेत द्वारा किया जा रहा है।

# 'जैतसागर नाले से अतिक्रमण हटाने का अभियान अनवरत चलाएं'

**बूंदी** (निसं)। जैतसागर नाले की सफ़ाई के साथ साथ नाले से अतिक्रमणों को हटाने का जो अभियान ज़िला प्रशासन ने आरंभ किया था उसे जिला प्रशासन अनवरत चलाए और 72 फूटी लंबे चौड़े एवं गहरे नाले को संपूर्ण अतिक्रमण से मुक्त करवाकर नाले का नहर नुमा निर्माण करवाये यें बयान देते हुये जैतसागर नाला अतिक्रमण मुक्ति अभियान संघर्ष समिति के संयोजक रूपेश शर्मा व अध्यक्ष राजू गुर्जर ने संयुक्त बयान में कहा कि बूँदी नगर को बरसाती पानी की वजह से जल प्लावन और बाढ़ की स्थिति से बचाने के लिए नाले से अतिक्रमण को हटाया अतिआवश्यक है। संयोजक शर्मा ने प्रेस को बताया कि नाले पर किये चंद अतिक्रमणों ने पूरे शहर की दशा बिगाड कर रख दी है, जिला प्रशासन ने चार दिन नाले की साफ़ सफ़ाई और केवल मात्र एक दिन ही पक्के अतिक्रमणों पर पोकलेन मशीन चलाकर कुछ अतिक्रमण को ध्वस्त करने की जो कार्यवाही इस दिशा में की हैं वो सकारात्मक पहल हैं किन्तु वो नाकाफ़ी हैं और इतने मात्र से बारिश के पानी की भारी आवक और निकासी सुगमता से हों पाना किसी भी सूरत में सम्भव नही हैं और इस सबके चलते नगर में जलप्लावन व बाढ़ के हालत जस के तस ही रहने की संभावना हैं । संयोजक शर्मा व अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि ज़िला प्रशासन यदि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को आगें नही बढ़ाता हैं तो संघर्ष समिति जल्द ही कोर कमेटी की बैठक बुलाकर आंदोलन के अगले चरण की दिशा में विचार विमर्श करेगी और निर्णय लेगी। संघर्ष समिति ने जिला कलेक्टर से माँग कि हैं कि वो नाले से सिरे से अंत तक के सभी स्थायी व अस्थायी अतिक्रमणों को निष्पक्षता के साथ हटाए और नगर की आधी आबादी को बरसात के पानी से होने वाले नुक़सान व परेशानी से बचाकर स्थायी मुक्ति दिलवाए।

# बून्दी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ईडी की कार्यवाही के विरोध में प्रदर्शन

**■ प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाकर विरोध दर्ज करवाया**

**बून्दी** (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को बूंदी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतराम मीणा के नेतृत्व में सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित राहुल गांधी को ईडी के द्वारा फर्जी मामले में लगातार प्रताड़ित करने व कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करने तथा कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करने के विरोध में बूंदी कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने अपना रवैया नहीं बदला और गलत तरीके से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फसाने का प्रयास किया तो कांग्रेस का कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगा और ईट से ईट बजा देगा।

प्रदर्शन में तालेडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा, उपप्रधान रामहेत बेरवा,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, शहर अध्यक्ष देवराज गोचर, गोपाल दाधीच, पूर्व पीसीसी सदस्य नवेद केसर लखपति, पार्षद रविशंकर गौतम, बृजमोहन यादव,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव लोचन गौतम,प्रेम शंकर बेरवा, मयंक सुवालका, रामकरण मीणा, गोबरी लाल गुर्जर, रविंद्र चतुर्वेदी, प्रेमशंकर रेगर, रामबाबू राठौर, शहजाद गोरी, गयासुद्दीन भट्टी, गुरुतेज सिंह,जोंटी मीणा, रामलाल, नंदकिशोर, हेमराज व मांगीलाल बैरवा आदि मौजूद रहे।

**तालेडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आज करेगी प्रदर्शन:**- केंद्र सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित राहुल गांधी को ईडी के द्वारा फर्जी मामले में लगातार प्रताडित करने व दिल्ली में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज करवा रहे कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करने तथा कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करने के विरोध में आज 11.30 बजे तालेडा उपखंड कार्यालय के बाहर पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया जायेगा।

तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण कांग्रेस पार्टी के सभी जनप्रतिनिधिगण सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भाग लेंगे।

# बिरला को ज्ञापन सौंपा

रामगंजमण्डी (निसं)। सोमवार को क्षेत्र के दौरे पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला साहब को क्षेत्रीय मेघवाल विकास समिति रामगंजमंडी के अध्यक्ष राजेंद्र धानिया व समिति के पदाधिकारियों के द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र धानिया के द्वारा बताया गया कि जुल्मी रोड पर स्थित मेघवाल समाज के आराध्य देव बाबा रामदेव जी मंदिर की जमीन जिस पर समाज का लगभग 50 वर्षों से कब्जा है। इसी जमीन पर बरसों से मेघवाल समाज के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम होते आए हैं।

# रंगरेज समाज का सालाना जलसा सम्पन्न

**झालरापाटन** (निसं)। झालरापाटन में जमीयतुल सब्बाग ए हिन्द समिति रंगरेज समाज का मदरसे का सालाना जलसा सदर मोहम्मद सिद्दीक गौरी नायब सदर मोइनुद्दीन चौधरी,सेकेट्री मोहम्मद यूनुस गौरी के सदारत में मस्जिद निलगरान झालरापाटन में सम्पन्न हुआ प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना अय्यूब कुरैशी साहब की किरात से हुई उसके बाद मदरसे मैं पढ़ने वाले बच्चो ने नाते पाक और कुरान की तिलावतो को सुनाया वही हिंदी के पाठ्यक्रम को भी सुनाया गया सभी पढ़ने वाले बच्चो को उपहार दिए गए वही शहर में जो भी रंगरेज समाज की छात्र,छात्रा 10 वी 12 वी में प्रथम स्थान पर आये है उन छात्र छात्राओं का सम्मान माला पहनाकर इनाम और प्रशस्ति पत्र शील्ड देकर किया गया वही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए महामारी के दौर में निस्वार्थ भावना से कोरोना के दौरान सभी को चिकित्सा सेवा मुहैया कराने पर रंगरेज समाज के डॉ फाजिल अहमद गौरी,आदिल गौरी,मो.आरिफ गौरी के उत्कृष्ट कार्य पर उनका भी माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया वही रंगरेज समाज के नवनियुक्त बने नगरपालिका झालरापाटन के तीन पार्षदों रिजवान अहमद, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद कासिम भट्टी, का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया।

# माउन्ट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाले दल ने अति. जिला कलेक्टर से मुलाकात की

**■ पर्यावरण, सड़क सुरक्षा व सामाजिक सुधार के संदेश लेकर युवाओं का दल निकला है**



माउन्ट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाले दल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुलाकात की।

**बूंदी** (निसं)। माउन्ट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने और 11 देशों में 4 लाख 25 हजार किलोमीटर पैदल यात्रा करने वाले पर्वतारोहियों का दल शुक्रवार को बूंदी जिले में पहुंचा और अतिरिक्त जिला कलक्टर करतार सिंह से मुलाकात कर पर्यावरण एवं सामाजिक सुधार के संदेशों को लेकर चर्चा की।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने दल के सदस्यों के अदम्य साहस और कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए किय जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने दल के सदस्यों से पर्यावरण सुरक्षा के लिए विभिन्न राज्यों एवं देशों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा युवाओं को सदेश देने के लिए पदैल यात्रा के माध्यम से सम्पर्क करने की सोच की सराहना की। पर्वतारोहियों ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा से हरिद्वार के रास्ते वे यहां पहुंचे हैं। दल के सदस्यों के द्वारा सडक सुरक्षा, बेटी-बचाओ, बेटी-पढाओ, नशा मुक्ति सहित अन्य जागरूक कार्यक्रमों के बारे में यात्रा के दौरान विभिनन क्षेत्रों में लोगों से सीधा संवाद कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

पर्वतारोही दल के लीडर अवध बिहारीलाल ने बताया कि वे उत्तराखण्ड के लखीमपुर जिले के दोहरारा गांव निवासी हैं। 30 जुलाई 1980 में लखीमपुर में आई बाढ़ में उनका पूरा परिवार खत्म हो गया था। उस समय वे 13 वर्ष के थे। इस दौरान वे तीन दिन तक पेड़ पर बैठे रहे थे, तब सेना के हैलीकॉप्टर से आए जवानों ने उनकी जान बचाई। इसके बाद अवध बिहारीलाल ने पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का लक्ष्य मान लिया तथा उसी समय से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने घर से निकल गये।

दल के सदस्य लखनऊ के जितेन्द्र प्रताप ने बताया कि अवध बिहारी लाल के साथ वह 11 वर्ष की आयु में 1995 में जुड़े थे। उन्होंने बताया कि भारत सहित अन्य 11 देशों की पैदल यात्रा कर 14 करोड़ 50 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। उनके दल में महेन्द्र प्रताप और गोविंद नंद, विजय शंकर सहित 20 सदस्य हैं।

उन्होंने बताया कि सभी सदस्यों ने देह दान कर रखा है तथा पर्यावरण सरंक्षण, बेटी-बचाओ, बेटी पढाओ का संदेश रास्त में मिलने वाले युवाओं, को दे रहे है। दल के सदस्यों ने बताया कि बुंदी में दो दिन का भ्रमण करने के बाद जयपुर जायेंगे जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर सामाजिक सदेशों एवं पर्यावरण के लिए किये सकल्पों की जानकारी देंगे।

## सार-समाचार

### सड़क निर्माण कराने की मांग

**बूंदी** (निसं)। ग्राम ओहडी विकास समिति अध्यक्ष एडवोकेट भीमराज गुर्जर ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अरनेटा से कोडक्या बालाजी तक सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है दर्जन पर ग्रामवासियों का इस सड़क से तो आवागमन रहता है। खासकर युवाओं को रोजगार के लिए आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है साथ ही एक गांव से दूसरे गांव शहर तक दूध वितरण करने जाने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अध्यक्ष एडवोकेट भीमराज गुर्जर ने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इसकी मांग उठाई थी साथ ही के पाटन प्रधान और विकास अधिकारी को भी इसके बारे में जानकारी होने के बावजूद क्षेत्र की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक से बातचीत हुई तो उनका कहना था कि परसनल मामले में एक-दो दिन व्यस्त होने से इस ओर ध्यान नहीं है। परंतु शीघ्र ही क्षितग्रस्त सड़क में जिगरा डलवा कर आवागमन सुचारू किया जावे इसके बाद सड़क निर्माण के टेंडर जारी करके निर्माण करवाए जावे इस आश्वासन विधायक ने दिया है। क्षेत्रीय सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी इस समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने जिला परिषद के सीओ को सड़क को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं। जबकि जिला प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है।

### टैगोर स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत्

**छबड़ा** (निसं)। टैगोर सीनियर सैकंडरी स्कूल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वैश्णव ने बताया कि कक्षा 12वीं कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में छात्र रोहित कुमार चौहान ने 92.60, दीपमाला नागर ने 91, भारती नागर ने 90.80, प्रियंका चौबदार ने 90, वंदना अहीर ने 89.80, परिधी गालव ने 89, ममता गुर्जर ने 88.80 प्रतिषत अंक तथा 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्र अर्जुन नागर ने 94.17, राघव नागर ने 93.83, गर्वित सेन 92.67 एवं रामबिलास प्रजापति ने 92.50 प्रतिषत अंक प्राप्त करने तथा कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में छात्र अभिशेक नागर ने 89, प्रज्ञा मालव ने 88.00, महावीर मालव ने 86.80, अभिशेक मालव ने 86.60, अंकित मालव ने 82.60, आषीश मीणा ने 82 प्रतिषत अंक प्राप्त किए। सम्मान समारोह में विनोद नागर, बलराम नागर, पवन नागर एवं तुलसीराम आदि उपस्थित रहे।

### विधायक सिंघवी को ज्ञापन दिया

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के तुर्कीपाडा गांव निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार विधायक को ज्ञापन देकर श्रमिक डायरी से मिलने वाली राशि का शेष भुगतान दिलवाने तथा दोशियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। तुर्कीपाडा गांव निवासी घनष्याम मीणा ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को दिए ज्ञापन मे बताया कि 17 अप्रेल 2021 को उसकी पत्नि ममता बाई की खेती कार्य करते समय असामयिक मृत्यु हो गई थी एवं उसी के नाम से श्रमिक डायरी बनी हुई थी। इस डायरी के नियमानुसार उसे राज्य सरकार द्वारा सहायता राषि के रूप मे दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होनी थी। जिसके लिए तुर्कीपाडा गांव निवासी फूलसिंह मुझे पूर्व विधायक के मकान पर ले गया। यहां कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा मेरा आर्थिक सहायता का फार्म भरा गया। आवेदन करने के पष्चात् उसे विभाग द्वारा 1 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुई थी। उसका आधार कार्ड भी फूलसिंह ने गलत नियत से खुद के पास रख रखा हैं। उसे संदेह है कि उसके आधार कार्ड का गलत तरीके से प्रयोग कर षेश राषि निकाली ली हैं।

### बारिश से लोगों को परेशानी हुई

**झालावाड़** (निसं)। पूर्व उपसभापति वर्तमान पार्षद मोहम्मद शफीक खान ने शहर का जायजा लिया। जगह-जगह गन्दा पानी सड़कों पर बह रहा था। मानसून की पहली बारिश से नाले गन्दगी से अटे पड़े थे उससे पानी की निकासी नहीं होने से गन्दगी सड़कों पर आ गई जिसकी बदबू से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। यह ही हाल वार्डो में नालियों की सफाई नहीं होने से गन्दा पानी फैल रहा है। नगरपरिषद् को बारिश से पहले नालो की सफाई करवाना चाहिए था लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है जब की हर साल नालों की सफाई के लिए लाखों रूपया खर्च होता है लेकिन नालो की सफाई केवल औपचारिक बन रह जाती है और जेसीबी ऑनर को लाखों रूपये का भुगतान अधिकारियों द्वारा अपने स्वार्थ के कारण नालों की सफाई बिना जांचे कर दिया जाता है। शहर में जगह-जगह अस्थाई टॉयलेटों की सफाई नहीं होने से बदबू आ रही है जिससे सड़कों के किनारे बदबू आ रही है अतः नगरपरिषद् को शीघ्र नालों की सफाई भारी बारिश होने से पहले करवाना जरूरी है।

### जन आशीर्वाद यात्रा डग पहुंची

**डग** (निसं)। डग में अखिल भारतीय सम्मेलन की ओर से अग्रवाल समाज की कुलदेवी आद्य माता महालक्ष्मी की जन आशीर्वाद यात्रा सोमवार को डग पहुंची । यहां गंगधार दरवाजे के पास गायत्री मंदिर पहुचीं जहाँ से शुभ मुहूर्त में यात्रा प्रारंभ हुई जो कस्बे में जगदीश मंदिर, गणेश चोक,होली ड़ा, बुधवारिया दरवाजा,पुराना बस स्टैंड से बटुक भैरव महाराज मंदिर पहुंची कस्बे में आद्य महालक्ष्मी जी की रथ यात्रा का समाज की ओर से मुख्य बाजार में स्वागत किया। आयोजन में महिलाओं, पुरुषों, युवकों व बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन स्थल भैंरू महाराज मंदिर में समाज की महिलाओं ने दीपक जलाए। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आये अतिथियों ने कुलदेवी माता लक्ष्मीजी की महाआरती की अग्रोहा धाम को अग्रवालों का तीर्थ बनाने के प्रण से माता महालक्ष्मी के 18 गोत्र स्वरूप 18 रथ देश के अलग-अलग प्रांतों में समाज को जागरूक व एकजुट करने के प्रयास में भेजे गए हैं। इस दौरान समाज के महिला मंडल नवयुवक सहित समाज के लोग शामिल हुए।

### कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आज

**झालावाड,** (निसं)। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग झालावाड़ की ओर से 21 जून 2022 को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झालावाड़ में एक दिवसीय केम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर में युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए नवभारत फर्टीलाईजर्स लिमिटेड जयपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर्स के पदों पर भर्ती की जाएगी। आशार्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा। इस हेतु आशार्थी की शैक्षिणक योग्यता न्यूनतम दसवीं कक्षा एवं आयु 19 से 40 वर्ष होना आवश्यक है। इच्छुक आशार्थी नियत तिथि एवं स्थान पर अपने समस्त मूल दस्तावेजों पहचान पत्र, आधार कार्ड, पते का प्रमाण एवं उनकी फोटोकॉपी तथा दो फोटो सहित शिविर में सम्मिलित हो सकते हैं।

### कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**रामगंजमंडी** (निसं)। नगर एवं ब्लॉक कॉंग्रेस द्वारा सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग एवं अग्निपथ जैसी युवा विरोधी केंद्र की नीति के विरोध में मंगलवार 21 जून को प्रात:11 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। नगर अध्यक्ष अजीत पारख ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सलाम राजेंद्र सिसोदिया ने बताया कि 11 बजे सभी कॉंग्रेस ज़न खैराबाद चौराहे पर एकत्रित होंगे और नारेबाजी करते हुए उप जिला कलेक्टर के कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन देंगे।इस प्रदर्शन में पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा और जिला अध्यक्ष सरोज मीणा भी शामिल होंगे। सभी कांग्रेसजन इस प्रदर्शन में आमंत्रित हैं।

### आज विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी

**डाबी** (निसं)। बरड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति मंगलवारहाफ डेको बंद रहेगी। विद्युत निगम के 132 केवी जीएसएस के जेईएन मनीष ने दी जानकारी के अनुसार 132केवी डाबी में मानसून पूर्व मेंटेनेन्स के कारण डाबी 33 केवी जीएसएस से निकल रहे। सभी फीडरों में डाबी, लाम्बाखोह, खड़ीपुर, बुधपुरा,धनेश्वर ग्रामीण और सिटी,भवानीपुरा माल,पीएचईडी विभाग, हॉस्टल, सिलिका आदि की सप्लाई सवेरे 9 बजे से दोपहर 1बजे तक बंद रहेगी।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय समारोह आज

**झालावाड,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह ''योगा फोर ह्यूमेनिटी' थीम पर 21 जून को प्रातः 6.30 से 8 बजे तक अग्रवाल सेवा सदन, झालावाड़ में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आयुर्वेद विभाग के कार्यवाहक उप निदेशक श्याम सुंदर जोशी द्वारा दी गई।

